हाथरस से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
'भव्य प्रभात'
विज्ञापन व समाचार के लिये सम्पर्क करें–
कार्यालय
7–ऊपरी मंजिल बागला डिग्री कालेज,हाथरस
9319426268,9410427880
Email:-bhavyaprabhat@gmail.com

हाथरस से प्रकाशित दैनिक

# भव्य प्रभात

खबर,सच्चाई के साथ

वर्ष 17, अंक 109 | 17 अप्रैल 2024 बुधवार | हाथरस | पृष्ठ 8 | मूल्य–2/–रूपये स्वागत मूल्य 1/–रूपये

# 'घमंडिया गठबंधन का संस्कार भारतीय नहीं'


**● पीएम मोदी बोले– बाबा साहब भी संविधान को नहीं बदल सकते तो हमारी हिम्मत कैसे? राम और शक्ति पर कही यह बात**




गया,(एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस बार बिहार आए तो विपक्ष के हर एजेंडे का जवाब लेकर। उन्होंने संविधान के मुद्दे पर बड़ी और सीधी बात की। इसके अलावा राम और शक्ति के बहाने लालू यादव और राहुल गांधी पर करारा प्रहार किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को देशभर में पांच रैलियां करने निकले। गया में उन्होंने इसकी जानकारी देते हुए प्रोटोकॉल भी तोड़ा और माफी भी मांगी। उन्होंने डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा की जगह खुद माइक संभाल ली। फिर गया और महात्मा बुद्ध की धरती को नमन करते हुए उन्होंने संविधान, राम मंदिर और शक्ति की उपासना पर बात करते हुए विपक्ष को आड़े हाथ लिया। उन्होंने लालटेन युग की भी बात की और विकास की तस्वीरें भी दिखाई। इस दौरान उत्साहित लोगों को उन्हें कई बार मोदी–मोदी का नारा लगाने से रोकना भी पड़ा, हालांकि खुद भी उन्होंने कई बार लोगों से अपने अंदाज में सवाल–जवाब भी किया। फिर एक बार का नारा लगवाया प्रधानमंत्री ने पहुंचते ही कहा– ष्विश्व विख्यात ज्ञान और मोक्ष की पवित्र नगरी गया जी के हम प्रणाम करहि। भगवान विष्णु की धरती, भगवान बुद्ध के तपस्थली के हम नमन करहि। यह वह धरती है, जिसने मगध का ऐश्वर्या देखा है, जिसने बिहार का वैभव देखा है।ष उन्होंने नवरात्र के साथ सम्राट अशोक की भी चर्चा की। कहा– ष्संयोग से आज जब मैं गयाजी आया हूं तो नवरात्रि भी है और आज ही सम्राट अशोक की जयंती भी है। सदियों बाद आज एक बार फिर भारत और बिहार अपने उस प्राचीन गौरव की वापसी के लिए आगे बढ़ रहा है।ष इसे चुनाव से जोड़ते हुए उन्होंने कहा– यह चुनाव विकसित भारत, विकसित बिहार के संकल्प का चुनाव है। गया की धरती पर उमड़ा यह जनसैलाब और आपका यह उत्साह साफ बता रहा है– फिर एक बार? फिर एक बार? फिर एक बार?ष जवाब मिला– मोदी सरकार। इसके बाद उन्होंने पूछा– ष4 जून? 4 जून? 4 जून?ष जवाब मिला– 400 पार। मोदी गया में लोगों के उत्साह से अभिभूत नजर आए। उन्होंने कहा– मैं जब एयरपोर्ट से यहां आ रहा था तो लोग पैदल यहां पहुंचने के लिए चलते दिखे। हो सकता है कि मेरा भाषण पूरा होने तक वह सब शायद नहीं पहुंच सकें। यह प्यार और आशीर्वाद मैं कभी भूल नहीं सकता हूं। गया और औरंगाबाद ने आज घोषणा कर दी है– फिर एक बार? फिर एक बार? संविधान बदलने के सवाल पर कहा पीएम मोदी ने संविधान बदलने के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि स्वयं बाबा साहब अंबेडकर भी इस संविधान को नहीं बदल सकते तो भाजपा इसकी हिम्मत कैसे कर सकती है! इन्हें पता होना चाहिए कि यह जो संविधान सभा थी, देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद उसका नेतृत्व करते थे। बाबा साहब का दिल, दिमाग और कलम इस संविधान को शब्दों में ढाल रहा था। देश के गणमान्य लोग विचार–विमर्श करते हुए भावनाओं को समझते हुए इसका निर्माण किया। उन्होंने कहा कि संविधान की ताकत के कारण ही आज मोदी इस जगह पर है। यह संविधान नहीं होता तो कभी ऐसे पिछड़े परिवार में पैदा हुआ गरीब का बेटा देश का प्रधानमंत्री नहीं बन सकता था। कांग्रेस–राजद को निशाने पर लेकर अपनी गारंटी दी पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके साथियों ने दशकों तक गरीबों को रोटी–मकान के सपने दिखाए और चार करोड़ गरीबों को पक्के मकान दिए एनडीए सरकार ने। हमारे साथी जीतन राम मांझी साक्षी हैं कि कैसे दलितों, वंचितों और पिछड़ों के नाम पर कांग्रेस और राजद ने सिर्फ अपना राजनीतिक स्वार्थ साधा है। दलितों–वंचितों–पिछड़ों को अधिकार और सम्मानपूर्ण जीवन एनडीए ने दिया है। उन्होंने कहा कि अगले 5 वर्षों के लिए मोदी का गारंटी कार्ड अपडेट हो गया है। गरीबों के लिए तीन करोड़ पक्के घर बनाए जाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। गरीबों को अगले 5 साल तक मुफ्त राशन मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। 70 वर्ष की आयु से ऊपर के हर बुजुर्ग को पांच लाख तक का मुफ्त इलाज मिलेगा, यह मोदी की गारंटी है। किसान सम्मान निधि आगे भी जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के संकल्प पत्र में समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र के लिए विकास का रोड मैप बनाया गया है। घमंडिया गठबंधन का संस्कार भारतीय नहीं पीएम मोदी ने कहा– ष्कल राम नवमी का पावन पर्व है। सूर्य की किरणें कल अयोध्या में राम लला के मस्तक का विशेष अभिषेक करेंगी। लेकिन, घमंडिया गठबंधन के लोगों को राम मंदिर से भी परेशानी हैं। जो लोग कभी भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते थे, वे आज राम मंदिर पर कैसी–कैसी भाषा बोल रहे हैं!

## सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव, बालकृष्ण को विज्ञापन देकर माफी मांगने का दिया निर्देश

नयी दिल्ली,(एजेंसी)। उच्चतम न्यायालय ने विभिन्न बीमारियों के इलाज से संबंधित पतंजलि आयुर्वेद के श्भ्रामकश विज्ञापनों और एलोपैथिक चिकित्सा के शखिलाफश बयान देने से जुड़े अदालती अवमानना के घ्मामले में मंगलवार को योग गुरु बाबा रामदेव और उनके शिष्य पतंजलि आयुर्वेद के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण के अदालत में पेश होकर बिना शर्त माफी की मांग का संज्ञान लेते हुए उन्हें एक सप्ताह के भीतर विज्ञापन के जरिए माफीनामा प्रकाशित करवाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन



अमानुल्लाह की पीठ ने बाबा रामदेव और बालकृष्ण की ओर से माफी मांगने और माफीनामा प्रकाशित करने के लिए राजी होने के बाद स्पष्ट किया कि अभी इस मामले में उन्हें श्छूटश नहीं दी गयी है। पीठ ने दोनों की ओर से माफी मांगने के बाद कहा " हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि आपकी माफी स्वीकार की जाये या नहीं।" पीठ ने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से दायर इस याचिका पर अगली सुनवाई 23 अप्रैल को होगी। शीर्ष अदालत ने इससे पहले दो बार (दो और 10 अप्रैल) को उनके माफीनामे को सही नहीं पाया और उन्हें खारिज कर दिया था। शीर्ष अदालत ने 10 अप्रैल को माफीनामा अस्वीकार करते हुए कहा था, "हम इस हलफनामे को स्वीकार करने से इनकार करते हैं। यह (अवमानना) जानबूझकर किया गया था। उन्हें (बाबा रामदेव और बालकृष्ण ) इसके परिणाम भुगतने होंगे। हम इस मामले में उदार नहीं बनना चाहते।" पीठ ने अवमाननाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और बलबीर सिंह से कहा था।

**श्रीनगर में बड़ा हादसा**

# झेलम नदी में नाव डूबी...

**● छह की मौत, छह को बचाया, तीन अब भी लापता**
**● हादसे पर गहरा दुख, बचाव अभियान जारी, मरीन कमांडो अलर्ट पर– एलजी**



जम्मू,(एजेंसी)। श्रीनगर के गंडबल नौगाम इलाके में एक नाव पलट गई। इस हादसे में छह लोगों की जान चली गई है और छल लोगों को बचा जा चुका है। तीन का इलाज अस्पताल में जारी है। तीन की हालत स्थिर है। तीन लापता है। नाव में कुल 15 लोग सवार थे। श्रीनगर में बड़ा हादसा हुआ है। यहां झेलम नदी में नाव डूब गई। इसमें 15 लोग सवार थे, जिसमें आठ वयस्क और सात विद्यार्थी शामिल थे। हादसे का पता चलते ही तुरंत बचाव अभियान शुरू किया गया। अब तक 12 लोगों की तलाश की जा चुकी है। हादसा गंडबल बटवाड़ा में हुआ है। इनमें छह की जान जा चुकी है और तीन का उपचार चल रहा है। तीन अन्य की हालत स्थिर है, जबकि तीन अब भी लापता हैं। बचाव अभियान चल रहा है। श्रीनगर उपायुक्त डॉ. बिलाल मोहि–उद–दीन भट ने इसकी जानकारी दी है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं, मौके पर संभागीय आयुक्त कश्मीर, आईजीपी कश्मीर, उपायुक्त श्रीनगर और एसएसपी श्रीनगर, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और पुलिस के अधिकारी पहुंचे हुए हैं। अधिकारियों ने मौके से बचाव अभियान की निगरानी कर रहे हैं। हादसे पर गहरा दुख, बचाव अभियान जारी, मरीन कमांडो अलर्ट पर– एलजी उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर में नाव दुर्घटना पर गहरा दुख जताया है। उपराज्यपाल ने जारी संदेश में कहा, शहादसे में हुई लोगों की मृत्यु से मुझे गहरा दुख हुआ है। मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं और मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वह उन्हें इस अपार क्षति को सहने की शक्ति दें।

# पुलिस बल के साथ थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्र के बल्नरेबल मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय डण्डेसरी का निरीक्षण

(भव्य प्रभात)

हाथरस/सिकंदराराऊ। पुलिस अधीक्षक निपुण अग्रवाल द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन –2024 को सकुशल व निष्पक्ष सम्पन्न कराये जाने तथा आमजन को सुरक्षा का एहसास कराने के दृष्टिगत पुलिस बल के साथ थाना सिकन्द्राराऊ क्षेत्र के बल्नरेबल मतदान केन्द्र प्राथमिक विद्यालय डण्डेसरी का निरीक्षण किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार, क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राराऊ डॉ आनन्द कुमार, प्रभारी निरीक्षक सिकन्द्राराऊ आशीष कुमार आदि अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वारा लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत उपस्थित आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने तथा सुरक्षा का एहसास दिलाया गया तथा चुनावों में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा उपस्थित बल्नरेवल लोगों को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावों में बढ–चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ट्रबल मेकर्स को चिन्हित कर उनके विरुद्ध आवश्यक निरोधात्मक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया तथा निरीक्षण के दौरान वहां उपस्थित व्यक्तियों से वार्ता कर गांव के पुराने विवादो व चुनाव के दौरान उत्पन्न हो सकने वाले विवादों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी की गई तथा अवगत कराया गया कि चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तैयार से तैयार है तथा चुनावों में गड़बड़ करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगो पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले तत्वो पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वालो लोगो पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी । इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जनपद के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील बूथों पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी सघन निगरानी की जा रही है । ड्रोन कैमरों की सहायता से मतदान केंद्र की मैपिंग की जा रही है तथा आसपास के क्षेत्रों की भी निगरानी की जा रही है। चुनाव के दौरान गड़बड़ी करने वाले लोगो को चिन्हित कर उनके विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जायेगी ।

इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव के दौरान सभी को शस्त्र लाइसेंस समय से जमा कराने हेतु अवगत कराया गया तथा जिन व्यक्तियों द्वारा शस्त्र लाइसेंस जमा करने में लापरवाही या असहयोग किया जायेगा उनको चिन्हित कर उनके विरुद्ध आवश्यक नियमानुसार कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । पूर्व के चुनावों में घटित घटनाओं की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने, चुनाव को प्रभावित करने वाले संभावित अपराधियों के विरुद्ध निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने, हिस्ट्रीशीटरों की जांच कर सक्रिय एचएस के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्तियों, किसी भी प्रकार के मुकदमें के अभियुक्तों के शस्त्र जमा कराने की कार्यवाही करने, गंभीर अपराधों में जमानत पर बाहर आए अभियुक्तों की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही करने, अवैध शराब के निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने, पुलिस के मददगार व्यक्तियों की सूची बनाकर उनसे लगाकर संपर्क में रहकर लाभप्रद सूचनायें संग्रहित करने व नियमित रुप से पैदल गश्त कर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित करने व संभ्रान्त लोगों के साथ गोष्ठी आयोजित करने जिससे भयमुक्त वातावरण में मतदान हो सके, हेतु निर्देशित किया गया ।



# थाना सादाबाद पुलिस ने मोबाइल फोन को बरामद कर फोन स्वामी को किया सुपुर्द

(भव्य प्रभात)

हाथरस। थाना सादाबाद पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत गुमध्खोए हुए मोबाईल फोन की बरामदगी हेतु प्रयास करते हुए मोबाइल फोन गुमशुदगी के प्रार्थना से सम्बन्धित 01 मोबाइल फोन INFINIX HOT 8 को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । उक्त बरामद मोबाइल फोन को प्रभारी निरीक्षक थाना सादाबाद द्वारा मोबाइल फोन स्वामी को बुलाकर उनके सुपुर्द किया गया ।

अपने खोए हुए मोबाइल फोन पाकर मोबाइल फोन स्वामी के चेहरे पर मुस्कान आयी और उन्होंने पुलिस के इस कार्य की सराहना करते हुए हाथरस पुलिस की भूरि–भूरि प्रशंसा की ।

**मोबाइल फोन गायब होन पर तत्काल क्या करे**

अगर किसी का मोबाइल कही खो जाता है या गायब हो जाता है तो तुरन्त अपने सिम ऑपरेटर से बात कर गायब हुई मोबाइल के सिम कार्ड को ब्लाक कर नया सिम प्राप्त कर लें। चोरी या खोए हुए मोबाइल फोन का आजकल अपराध में प्रयोग किया जा रहा है जैसे किसी को धमकी देना, या सिम बैक से लिंक है तो उनके साथ फाइनेंन्सियल फ्राड होने की सम्भावना काफी हद तक बढ जाती है । यदि आपकी सिम सोशल मीडिया से लिंक है तो उसको हैक कर उसका भी दुरूपयोग किया जा सकता है। इस सम्बन्ध में आप यूपी कॉप एप पर जाकर शिकायत दर्ज कर सकते है या आप समय से ही अपने जनपद के साइबर थाना या सम्बन्धित थाने पर सम्पर्क कर सकते है ।

## नगला मदारी में बरस रही आदिशक्ति मां ब्रजेश्वरी देवी की कृपा

हाथरस। सादाबाद के ग्राम पंचायत बिसावर के गांव नगला मदारी में स्थित करीब 100 साल पुराना मंदिर श्री आदिशक्ति ब्रजेश्वरी देवी मंदिर आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां मंदिर की मान्यता है कि मंदिर में – जो विराजित देवी जी की जो मूर्ति है वह नगरकोट से गांव के ही बुजुर्ग पंडित राम गोपाल भगत और बनो पंडित जी पैदल लेकर आए थे। यह सिद्ध मूर्ति मां नगरकोट वाली आदिशक्ति ब्रजेश्वरी देवी कांगडा से लाई गई थी। यहां जो भी भक्त अपनी अरदास एवं मनोकामना माता के सामने करता है वह अवश्य पूर्ण होती है। विशेष कर यहां पर माता को श्रृंगार व पोशाक अर्पण किया जाता है, जिनके संतान प्राप्ति नहीं होती है, वह माता को श्रृंगार पोशाक अर्पण करते हैं और माता की कृपा से संतान प्राप्त करते हैं। उनके सभी कार्य सिद्ध होते हैं। यहां नवरात्रि पर्व पर हर वर्ष मेले का आयोजन होता है। काली माता की झांकी निकाली जाती है एवं माता का प्रसाद वितरण किया जाता है। नवरात्रि में प्रतिदिन माता के भजन एवं सत्संग किया जाता है। मंदिर पुजारी रूपेश भगत ने बताया कि यहा पर बहुत अपनी कामना लेकर आते हैं और माता की कृपा से उनकी सभी कामना पूर्ण होती हैं।

मालिक मुद्रक, प्रकाशक, आशीष सेंगर द्वारा विभा प्रिंटर्स मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग,हाथरस से मुद्रित एवं प्रधान कार्यालय मुन्शी गजाधर सिंह मार्ग सरस्वती कुंज हाथरस से प्रकाशित।
RNI- UPHIN/2007/23475
**सम्पादकः अंजली शर्मा**
मो. 9410427880 09319426268
Email:-
bhavyaprabhat@gmail.com

**समस्त समाचारों के चयन एवं उनसे उत्पन्न विवादों के लिये पी. आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र हाथरस होगा।**

छपाई छपाई
बिल बुक, लेटर पैड, पम्पलेट
पोस्टर, शादी कार्ड, अखबार
विभा प्रिंटर्स
आधुनिक कम्प्यूटराइज्ड मशीन द्वारा साफ सुन्दर एवं कलात्मक छपाई
मुंशी गजाधर सिंह मार्ग, अलीगढ़ रोड, हाथरस
मो० 9410427880 ,9319426268

# समर्थकों के साथ भाजपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

- **नामांकन से पूर्व बृज द्वार के प्रसिद्ध मंदिर श्री हनुमानजी महाराज नवग्रह पर पूजा अर्चना कर बजरंगबली का लिया आशीर्वाद**

(भव्य प्रभात)

हाथरस। भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान वाल्मीकि अलीगढ़ रोड स्थित चुनाव कार्यालय से रथ पर सवार होकर समर्थकों की भारी भीड़ के साथ नामांकन करने कलक्ट्रेट पहुँचे। उन्होंने अपना रिटर्निंग ऑफिसर अर्चना वर्मा के समक्ष दो सेटों में नामांकन दाखिल किया । भाजपा प्रत्याशी अनूप बाल्मीकि के प्रस्तावक के रूप में एक सेट में प्रस्तावक भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी हैं तो दूसरे सेट में रामवीर है। नामांकन दाखिल करने के दौरान भाजपा प्रत्याशी अनूप बाल्मीकि के साथ उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, वर्तमान सांसद राजवीर दिलेर, सादाबाद विधायक प्रदीप चौधरी गुड्डू, सिकन्द्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर तथा उनके अधिवक्ता सुनील वर्मा थे।

इससे पूर्व भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी एवं उत्तर प्रदेश सरकार में राजस्व राज्य मंत्री अनूप प्रधान वाल्मीकि आज अपने चुनाव कार्यालय अलीगढ़ रोड स्थित श्रीराम गार्डन से रथ पर सवार होकर नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे और उनके साथ नामांकन के लिए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सीमा उपाध्याय, सिकन्द्राराऊ विधायक वीरेंद्र सिंह राणा, सदर विधायक श्रीमती अंजुला माहौर, छर्रा विधायक ठा. रवेन्द्र पाल सिंह, इगलास विधायक राजकुमार सहयोगी, एमएलसी चौधरी ऋषिपाल सिंह, प्रदीप चौधरी उर्फ गुड्डू चौधरी, एमएलसी मानवेंद्र सिंह, भाजपा नेत्री प्रीति चौधरी, आदि रथ पर सवार थे और भाजपा प्रत्याशी अनूप प्रधान वाल्मीकि ने नामांकन से पूर्व अलीगढ़ रोड स्थित नवग्रह मंदिर पर हनुमान जी महाराज के दर्शन किए और उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं वह शहर भ्रमण करते हुए नामांकन दाखिल करने कलेक्ट्रेट पहुंचे।नामांकन दाखिल करने जा रहे अनूप प्रधान ने बृज द्वार के प्रसिद्ध मंदिर श्री हनुमानजी महाराज नवग्रह पर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।

आज नामांकन प्रक्रिया के तहत एक अन्य निर्दलीय प्रत्याशी जयवीर सिंह द्वारा राष्ट्र उदय पार्टी से अपना नामांकन दाखिल किया गया है और जयवीर सिंह के प्रस्तावकों में नरेश कुमार, सुनील, पवन, हरिओम, अनिल कुमार, चंद्रपाल, शीलेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार, अनिल कुमार, नारायण सिंह शामिल थे।





## पुलिस द्वारा सट्टे की खाई बाड़ी करते हुए एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

(भव्य प्रभात)

हाथरस। पुलिस अधीक्षक हाथरस के आदेशानुसार जुआ/सट्टे की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए सट्टे की खाई बाडी करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 1400 रूपये नगद, पर्चा सट्टा, पेन, डायरी बरामद हुए हैं । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0 162/2024 धारा 13 जी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–

ज्ञान प्रकाश पुत्र खूबीराम निवासी शराब के ठेके के सामने वाली गली शिव कालोनी नई बस्ती जलेसर रोड थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस ।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम के नाम–

1– उ0नि0 श्री सुनील कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस ।

2– का0 366 पवन कुमार थाना कोतवाली नगर जनपद हाथरस ।

## थाना सादाबाद पुलिस द्वारा ०१ अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से २० लीटर अवैध देशी शराब बरामद

(भव्य प्रभात)

हाथरस। पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री निपुण अग्रवाल के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण तथा बिक्री पर अंकुश लगाये जाने के दृष्टिगत कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हाथरस के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सादाबाद के निकट पर्यवेक्षण में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है । जिसके कब्जे से 20 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई है । अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सादाबाद पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 227/2024 धारा 60 एक्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त–

साकिर पुत्र इन्साफ अली निवासी ग्राम जलालपुर थाना सासनी जनपद हाथरस आपराधिक इतिहास अभियुक्त साकिर उपरोक्त–

1– मु0अ0सं0 176/2019 धारा 323/332/353/504/506 भादवि थाना सासनी जनपद हाथरस । मु0अ0सं0 592/23 धारा 323/504/506 भादवि थाना सादाबाद जनपद हाथरस ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम–

प्रभारी निरीक्षक श्री मुकेश कुमार थाना सादाबाद मय टीम जनपद हाथरस ।

## निस्वार्थ सेवा संस्थान कर रहा जरूरतमंद बुजुर्ग दादी की सहायता



(भव्य प्रभात)

हाथरस । निस्वार्थ सेवा संस्थान ने अपने करुणा के हृदयस्पर्शी प्रदर्शन में जरूरतमंद बुजुर्ग दादी की सहायता की संस्था ने उद्देश्य से एक उत्साहजनक पहल की है। अपने कार्यक्रम के माध्यम से, संगठन हर महीने दादी को आवश्यक किराने का सामान दे कर सहायता प्रदान कर रही है , जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उन्हें पौष्टिक भोजन और दैनिक आवश्यक चीजें मिल सकें। अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने बताया कि वृद्ध व्यक्तियों, विशेष रूप से अकेले या निश्चित आय पर रहने वाले लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों को पहचानते हुए, निस्वार्थ सेवा संस्थान की पहल वित्तीय बोझ को कम करने और समाज के इन प्रिय सदस्यों की भलाई को बढ़ावा देने का प्रयास करती है। संस्था के सदस्यों के संयुक्त प्रयासों से निस्वार्थ सेवा संस्था दादी के जीवन पर एक ठोस प्रभाव डाल रहा है,न केवल जीविका बल्कि सम्मान और देखभाल की भावना भी प्रदान कर रहा है। दादी के साथ उनका एक पोता भी है जो की उनका आखरिी सहारा है, संस्था उस प्यारे बच्चे के लिए भी हर संभव प्रयास कर रही है एवं उसकी शिक्षा को ध्यान में रखते हुए ,उस ओर भी सहायता कर रही है ।

इस अवसर पर संस्था की ओर से अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, कॉर्डिनेटर चंद्रप्रकाश अग्रवाल , रवीन्द्र सिंह, निश्कर्ष गर्ग , विशाल सोनी , कनज सारस्वत मौजूद रहे ।

# छक्कों से लेकर उच्चतम स्कोर तक

## ट्रेविस हेड की बदौलत हैदराबाद ने लगाई रिकॉर्ड्स की झड़ी

बेंगलुरु। हैदराबाद की पारी के 12वें ओवर में हेड ने विजय कुमार पर तीन चौके लगाकर सिर्फ 39 गेंद में अपना शतक पूरा कर लिया। यह उनका पहला और आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे तेज शतक रहा। आईपीएल 2024 के 30वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी। बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ सनराइजर्स ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाकर आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बना डाला। इसी आईपीएल में उसने कुछ दिन पहले मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाए गए तीन विकेट पर 277 रन के सर्वोच्च स्कोर को पीछे छोड़ दिया। यही नहीं यह टी20 क्रिकेट का अब तक का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। टी20 क्रिकेट का सबसे बड़ा स्कोर तीन विकेट पर 314 रन है, जो नेपाल ने 2023 में मंगोलिया के खिलाफ बनाया था। हैदराबाद के इस स्कोर के लिए ट्रेविस हेड के 41 गेंद में नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से बनाए गए 102 रन जिम्मेदार रहे। हेनरिक क्लासेन ने 31 गेंद में 67 रन बनाए। हेड ने अभिषेक शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 49 गेंद में 108, क्लासेन ने मार्करम के साथ तीसरे विकेट के लिए 27 गेंद में 66 और अंत में एडेन मार्करम और अब्दुल समद ने 19 गेंद में 56 रन की अटूट साझेदारी की। सनराइजर्स ने पावरप्ले में अपना छठा सबसे बड़ा स्कोर बनाया फाफ डुप्लेसिस ने टॉस जीतकर सनराइजर्स को बल्लेबाजी के लिए बुलाया, लेकिन ट्रेविस हेड ने उनके इस फैसले उल्टा साबित कर दिया। दूसरे ही ओवर में हेड–अभिषेक ने 20 रन बनाए। हेड ने पांचवें ओवर में फर्ग्यूसन पर लगातार दो छक्के लगाकर 4.3 ओवर में हैदराबाद को 50 रन पर पहुंचा दिया। हेड यहीं नहीं रुके छठे ओवर में उन्होंने यश दयाल पर दो छक्के लगाए और सिर्फ 20 गेंद में अध शितक पूरा कर लिया। हेड की बदौलत हैदराबाद ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 76 रन बना डाले। यह हैदराबाद के लिए पावरप्ले में छठा सबसे बड़ा स्कोर रहा। पावरप्ले में सनराइजर्स द्वारा बनाए गए सबसे ज्यादा रन स्कोर खिलाफ जगह साल 81ध्1 डप्‍ हैदराबाद 2024 79ध्0 झ्झ्त हैदराबाद 2017 78ध्1 ब्झ् हैदराबाद 2024 77ध्0 च्झ् हैदराबाद 2019 77ध्0 क्ब् दुबई 2020 76ध्0 त्ब् बेंगलुरु 2024 आईपीएल में हेड का पहला शतक हेड ने आक्रामकता से बल्लेबाजी जारी रखी और सातवें ओवर में उन्हें जैक्स पर चौका और दो छक्के जड़े। आठवें ओवर की पहली गेंद पर अभिषेक ने छक्का लगाकर हैदराबाद को 100 के पार करा दिया। टॉप्ले ने अभिषेक को आउट कर यह साझेदारी तोड़ी। अभिषेक ने 22 गेंद में 34 रन बनाए। उन्होंने हेड के साथ 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की। इन दोनों ने मात्र 43 गेंद में 100 रन की साझेदारी कर ली, जो कि सनराइजर्स के लिए संयुक्त रूप से सबसे तेज साझेदारी है। इससे पहले डेविड वॉर्नर और मोइसेस हेनरिक्स ने 2015 में हैदराबाद में आरसीबी के खिलाफ ही दूसरे विकेट के लिए 43 गेंद में ही 100 रन की साझेदारी की थी।



**आईपीएल के शीर्ष तीन सबसे बड़े स्कोर इस सीजन में बने**

| स्कोर | टीम | खिलाफ | जगह | साल |
|---|---|---|---|---|
| 287/3 | सनराइजर्स हैदराबाद | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | बेंगलुरु | 2024 |
| 277/3 | सनराइजर्स हैदराबाद | मुंबई इंडियंस | हैदराबाद | 2024 |
| 272/7 | कोलकाता नाइट राइडर्स | दिल्ली कैपिटल्स | विशाखापत्तनम | 2024 |
| 263/5 | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | पुणे वॉरियर्स | बेंगलुरु | 2013 |
| 257/7 | लखनऊ सुपर जाएंट्स | पंजाब किंग्स | मोहाली | 2023 |

### मोहन बागान ने पहला आईएसएल लीग शील्ड जीता, फाइनल में मुंबई सिटी को दी मात

मोहन बागान ने मुंबई सिटी एफसी को 2–1 से हराकर पहली आईएसएल लीग शील्ड जीत ली। लिस्टन कोलासो ने 28वें और जैसन कमिंस ने 80वें मिनट में मोहन बागान के लिये गोल दागे। मुंबई सिटी एफसी के लिये एकमात्र गोल लालियांजुआला छांगटे ने 89वें मिनट में किया। यह दो बार की विजेता मुंबई पर मोहन बागान की पहली जीत थी। इस जीत से बागान को पहली बार एएफसी चौम्पियंस लीग 2 में भी पहली बार जगह बना ली। इसके साथ ही लीग चरण के मुकाबले खत्म हो गए और अब 19 अप्रैल से छह टीमों का प्लेआफ होगा। शीर्ष दो टीमें मोहन बागान और मुंबई सिटी सीधे सेमीफाइनल खेलेंगी जबकि तीसरे से छठे स्थान पर रही गोवा, ओडिशा, केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयिन एफसी नॉकआउट प्रारूप में एकल चरण के प्लेआफ खेलेंगी। आईएसएल फाइनल चार मई को होगा। मोहन बागान की हौसलाअफजाई के लिये आईपीएल की लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल भी मौजूद थे।

### पूर्व क्रिकेटर का बड़ा दावा, कहा- एक साल के भीतर टीम इंडिया में डेब्यू करेंगे रियान पराग

इन दिनों आईपीएल के सीजन 17 में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलने वाले रियान पराग बेहतरीन फॉर्म में हैं। जिसको लेकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने बड़ा दावा किया है। दरअसल, इरफान को भरोसा है कि रियान एक साल के अंदर भारत के लिए डेब्यू कर लेंगे। आईपीएल से पहले भी रियान ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया था। जिसके बाद अब वह राजस्थान रॉयल्स में भी अपनी उपयोगिता साबित कर चुके हैं। इस आईपीएल में पराग के बल्ले से राजस्थान के लिए ज्यादातर हर मुकाबलों में रन निकले हैं। उम्मीद है कि वह इससे आगे भी ऐसे ही जारी रखेंगे। रियान ने राजस्थान रॉयल्स के लिए अब तक 6 मैचों में 155 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 284 रन बनाए हैं। उनके नाम तीन अर्धशतक हैं, जिसमें नाबाद 84 रन भी शामिल हैं। वहीं ऑरेंज कैप की सूची में पराग विराट कोहली के बाद दूसरे नंबर पर हैं। वहीं स्टार स्पोर्ट्स पर इरफान पठान ने कहा कि, 100 प्रतिशत, ये उससे पहले भी हो सकता है (रियान पराग का एक साल के भीतर भारतीय टीम में जगह बनाना)। मैंने ये कहा और ऐसा होगा, इसलिए नहीं कि उसने इस आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया है, वह घरेलू क्रिकेट में रन बना रहा है। और हमें अपने घरेलू क्रिकेट को अहमियत देनी होगी। अगर उनके जैसा कोई खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में ढेरों रन बनाता है और उसे नहीं चुना जाता है, तो ये बेहद निराशाजनक बात होगी। क्योंकि, आप चाहते हैं कि ऐसे खिलाड़ी सामने आएं।

### ग्लेन मैक्सवेल ने बीच में छोड़ा आरसीबी का साथ, लिया ब्रेक

आरसीबी के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने आईपीएल 2024 सीजन से हटने का फैसला लिया है। मैक्सवेल ने ब्रेक लेने का फैसला किया है। जिससे फैंस हैरान हैं। बता दें कि मैक्सवेल ने सोमवार रात सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मुकाबले में भी भाग नहीं लिया था। वहीं मैच के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ब्रेक का खुलासा किया। बता दें कि, मैक्सवेल को इस सीजन खराब फॉर्म की वजह से काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। ैत्भ् के खिलाफ मैच में तो उन्हें प्लेइंग 11 में भी जगह नहीं मिली। विल जैक्स को उनकी जगह प्लेइंग 11 में जगह मिली। मैच के बाद मैक्सवेल ने समझाया कि उन्होंने कप्तान फाफ डुप्लेसिस को खुद किसी और को आजमाने के लिए कहा था। बेंगलुरु और हैदराबाद मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में मैक्सवेल ने कहा कि, कल रात में फाफ और कोचिंग स्टाफ के पास गया और कहा कि मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि आप मेरी जगह किसी और को खिलाएं। मुझे लगता है कि मुझे शारीरिक और मानसिक ब्रेक की जरूरत है। मैक्सवेल ने ये भी कहा कि, मैं पहले भी इस स्थिति में रहा हूं। आप चाहें तो खेलना जारी रख सकते हैं और खुद को और अंधकार में धकेल सकते हैं।

## ईरान–इजरायल टेंशन से बिगड़ा माहौल, भारी गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

मुंबई। शेयर बाजार में आज गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 845 अंक की गिरावट के साथ 73,399 के स्तर वहीं निफ्टी में भी 246 अंक की गिरावट रही, ये 22,272 के स्तर पर बंद हुआ। शुरूआती कारोबार में बाजार लाल निशान पर खुला। बाजार पर ईरान–इजराइल टेंशन का असर देखने को मिल रहा है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 24 में गिरावट रही और सिर्फ 6 में तेजी देखने को मिल रही है। आज बैंकिंग, मेटल और पावर शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। आखिर क्या वजह है कि बाजार में इतनी बड़ी गिरावट आई है? आइए जानते हैं। जरायल–ईरान युद्ध के कारण मध्य–पूर्व क्षेत्र में तनाव बढ़ रहा है। यह भारतीय बाजार में आज की गिरावट का सबसे प्रमुख कारण है। भू–राजनीतिक तनाव के कारण अमेरिकी डॉलर में मजबूती बढ़ी है। वहीं, रुपया कमजोर हुआ है। रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में छह पैसे की गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.44 पर रहा। इससे भी बाजार का मूड खराब हुआ है। मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने से वैश्विक बाजार में बिकवाली हाबी हुई है। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सोमवार को सुबह के शुरुआती सत्र में, प्रमुख एशियाई बाजार जैसे निक्केई, हैंग सेंग, कोस्पी आदि दबाव में कारोबार कर रहे हैं। इसका असर भी भारतीय बाजार पर देखने को मिला है। दुनिया में तनाव बढ़ने से विदेशी निवेशक भारतीय बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। शुक्रवार को एफपीआई ने 8,027 करोड़ रुपए की बिकवाली की थी। यह ट्रेंड आगे भी जारी रह सकता है। इसका असर भी बाजार पर देखने को मिल रहा है। इजरायल पर ईरान के हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच तेल की कीमतों पर इसका असर पड़ने की आशंका है। अगर दोनों देशों के बीच युद्ध होता है तो ब्रेंट क्रूड ऑयल का भाव 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकता है। अभी ही यह 90 डॉलर प्रति बैरल के आसपास पहुंच गया है। इसका भी असर भारतीय बाजार पर देखने को मिल रहा है। भारत और मॉरीशस ने दोनों देशों के बीच डबल टैक्सेशन एवॉयडेंस एग्रीमेंट में संशोधन किया है। इसके बाद मॉरीशस के रास्ते भारत में आने वाले निवेश पर अब कड़ी नजर रहेगी। इससे विदेशी निवेश प्रभावित होने की आशंका है। इसका भी असर बाजार पर देखने को मिल रहा है। इससे पहले शुक्रवार यानी 12 अप्रैल को शेयर बाजार गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 793 अंक की गिरावट के साथ 74,244 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में भी 234 अंक की गिरावट रही, ये 22,519 के स्तर पर बंद हुआ था।

### सनराइजर्स ने रिकॉर्डतोड़ स्कोर के साथ आरसीबी को दी मात, बेकार गई कार्तिक की पारी

आईपीएल 2024 का 30वां मुकाबला बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। इस रोमांचक मैच में हैदराबाद ने बेंगलुरु को 25 रन से मात दी।ैत्भ् की ये चौथी जीत है जबकि आरसीबी को एक बार फिर हार का मुंह देखना पड़ा। उसने लगातार 5वां मैच गंवाया है। ट्रेविस हेड की तूफानी सेंचुरी के दम पर एसआरएच ने 287ध्3 का स्कोर खड़ा किया। ये आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर है। एसआरएच ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। हैदराबाद ने मौजूदा सीजन में 27 मार्च को मुंबई के खिलाफ 277 रन बनाए थे। वहीं ट्रेविस हेड के आक्रामक शतक और कप्तान पैट कमिंस ने उम्दा प्रदर्शन किया। हेड के पहले टी20 शतक के अलावा हेनरिच क्लासेन ने ताबड़तोड़ 67 रन बनाये जिसकी मदद से सनराइजर्स ने टूर्नामेंट के इतिहास का रिकॅार्ड स्कोर जड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाये।सनराइजर्स ने इसी सत्र में 27 मार्च को मुंबई इंडियंस के खिलाफ तीन विकेट पर 277 रन बनाकर रिकॅार्ड अपने नाम किया था और आज अपना ही रिकॅार्ड तोड़ दिया। जवाब में आरसीबी की टीम सात विकेट पर 262 रन ही बना सकी। कमिंस ने 43 रन देकर बेजान पिच पर तीन विकेट लिये। इस आईपीएल मैच में 40 ओवरों में 549 रन बने जो एक रिकॅार्ड है।

# क्या खुद को खत्म कर लूं?



## काम न मिलने पर छलका एक्ट्रेस का दर्द, बिजनेसमैन ने दिया था अजीब ऑफर

बॉलीवुड एक्ट्रेस नीतू चंद्र श्रीवास्तव उर्फ नीतू चंद्रा को आपने 'गरम मसाला', 'सिंघम 3', 'ओए लकी लकी ओए' जैसी फिल्मों में देखा होगा। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों की जानी मानी एक्ट्रेस नीतू चंद्रा फिलहाल काम की तलाश में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी आपबीती सुनाई है। जबकि अतीत में वह 3–3 नेशनल अवॉर्डेड फिल्मों का हिस्सा रह चुकी हैं और 13 नेशनल अवॉर्ड विनिंग फिल्ममेकर्स के साथ काम कर चुकी हैं । लेकिन इसके बावजूद भी उन्हें बॉलीवुड में एक अच्छा काम नहीं मिल रहा हैं। काम ना मिलने से निराश हुई एक्ट्रेसरू बॉलीवुड हंगामा को दिए इंटरव्यू में एक्ट्रेस नीतू चंद्रा ने बताया कि मैं आपको बताऊं तो आज के समय में मैं बहुत कर्जे में भी हूं । क्योंकि मैं हॉलीवुड में अपनी सारी सेविंग्स लगा के गई ये सोचकर की वापस आने पर मेरे पास बहुत काम होगा । क्योंकि हम हिंदुस्तान में हॉलीवुड रिटर्न को बहुत ऊपर देखते हैं । मुझे हैरानी होती है कि इतना काम करने के बाद भी मेरे पास काम नहीं है । मुझे बस अच्छे प्रोजेक्ट्स में काम करना है । क्या मुझे खुद को खत्म कर लेना चाहिए । 'मुझे बस काम चाहिए'रू किसी के जाने के बाद ही लोग उनके काम को पहचानते हैं, ऐसे में मुझे भी क्या वही करना चाहिए । जो सुशांत सिंह राजपूत ने कदम उठाया । ऐसा कितने सारे लोग सोचते हैं । लेकिन मैं इस इंडस्ट्री में अभी भी बहुत फाइट कर रही हूं । लोग मुझे बोलते हैं कि तुम बहुत स्ट्रॉन्ग हो लेकिन स्ट्रॉन्ग होने से मेरा बिल नहीं भरता है । मुझे बस काम चाहिए जिससे मुझे पैसा मिले और मैं अपने बिल भर संकू । बिजनेसमैन ने दिया था अजीब ऑफररू नीतू ने इंटरव्यू में आगे बताया कि एक सक्सेसफुल एक्टर की फेल स्टोरी हैस मैंने तेरह नेशनल अवार्ड मिले कलाकारों के साथ काम किया है,लेकिन आज मेरे पास कोई काम नहीं है। मुझे एक बार एक बड़े बिजनेसमैन ने कहा था कि मेरी सैलरीड वाइफ बन जाओ तो मैं 25 लाख रुपए हर महीने दूंगा। अब मेरे पास में न तो पैसे हैं, ना ही काम है। मुझे चिंता हो रही है कि इतना काम करने के बाद भी लोग मुझे नहीं चाहते हैं। ताजा मैच फिक्सिंग विवाद में फंसी बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने कहा है कि उन्होंने अपने जीवन में एक भी क्रिकेट मैच नहीं देखा है। नीतू ने यहां पीटीआई–भाषा से कहा, ष्मैंने अपने पूरे जीवनकाल में एक भी क्रिकेट मैच नहीं देखा है। मैं कोई क्रिकेटर नहीं हूं। मैं एक बास्केटबॉल खिलाड़ी हूं। मेरे बारे में जो कुछ भी कहा जा रहा है उसका कोई आधार नहीं है।ष ष्सैकड़ों और करोड़ों लोग हैं जो मुझे जानते हैं... मेरे प्रशंसक मुझे फोन करते हैं... मुझे नहीं पता कि वे कहां हैं और वे किससे जुड़े हुए हैं,ष सांवली अभिनेत्री ने कहा, जो इस कार्यक्रम का आयोजन करने के लिए गोवा में हैं। आईएफएफआई का समापन समारोह. उन्होंने कहा कि यह विदेश से महज 90 सेकंड की कॉल थी जिसे बढ़ा–चढ़ाकर पेश किया गया। उन्होंने कहा, ष्क्या होगा अगर कोई मुझे एक साल में 90 सेकंड के लिए कॉल करता है? मुझे हर दिन 10 कॉल आती हैं। मैंने सोचा कि यह (इस तरह के घोटाले में शामिल होना) समय की बर्बादी है और इसमें अपनी ऊर्जा निवेश करना बुद्धिमानी नहीं है।ष एक्ट्रेस, जिन्होंने श्गरम मसालाश् और श्ट्रैफिक सिग्नलश् जैसी फिल्मों में काम किया है। मैच फिक्सिंग में नीटू की कथित संलिप्तता तब खुलकर सामने आई जब इंटरपोल और स्कॉटलैंड यार्ड ने हाल ही में जांच के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ी मोहम्मद आसिफ के मोबाइल विवरण पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को सौंपे। यह दस्तावेज पाकिस्तानी अभिनेत्री वीना मलिक द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर दोनों एजेंसियों द्वारा तैयार किया गया था। 26 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, ष्किसी का भी नंबर लेना और कॉल करना आसान है।ष उन्होंने कहा कि विवाद किसी से भी हो सकता है और उन पर कोई लांछन नहीं लगाया जाना चाहिए। ष्मेरे जीवन में मैच फिक्सिंग में शामिल होने के अलावा और भी बहुत कुछ है। अभिनय से मुझे खुशी मिलती है और मैं यही करता हूं।ष एक बार प्रेमी, कभी दोस्त नहीं – यह मुहावरा बॉलीवुड के पूर्व प्रेमियों नीतू चंद्रा और रणदीप हुडा पर फिट नहीं बैठता, जिन्होंने अपनी दोस्ती बरकरार रखी है। नीतू ने माना कि दोनों के बीच अभी भी बातचीत चल रही है। ष्हम सभी यहां पेशेवर हैं।

# साड़ी में तारा को देख थम गई फैंस की सांसें



बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार तारा सुतारिया आज अपनी अदाकारी के बल पर लाखों दीवानों का दिल चुरा चुकी हैं. बॉलीवुड अभिनेत्री तारा सुतारिया सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और आए दिन अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर कर फैंस को दीवाना बनाती रहती हैं. हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ऐसी ही तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत और हॉट लग रही हैं. तस्वीर में तारा सुतारिया नीली साड़ी और डीप नेक ब्लाउज में नजर आ रही हैं. उन्होंने अपने लुक को लाइट मेकअप और ओपन हेयर से पूरा किया है. तारा सुतारिया इस तस्वीर में कैमरे के सामने पोज दे रही हैं और उनकी खूबसूरती देखने लायक है. केवल अपनी अदाकारी के दम पर ही नहीं तारा सुतारिया तो अपने हुस्न का परचम लहराते हुए सबकी निगाहें अपनी ओर खींच लेती हैं. चाहने वाले लगातार तारा सुतारिया की तस्वीर पर लाइक और कमेंट की बरसात करते हुए ।

# सीमा की शादी कराने वाले पंडित को कोर्ट ने भेजा-समन

नोएडा। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर की ओर से दायर याचिका पर गौतमबुद्ध नगर जिला न्यायालय की फैमिली कोर्ट ने सीमा हैदर, सचिन मीणा सहित शादी कराने वाले पंडित को भी कोर्ट ने समन जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 27 मई को होगी। पानीपत के अधिवक्ता मोमिन मलिक की ओर से दायर की गई याचिका को स्थानीय अदालत ने स्वीकार किया।अधिवक्ता मोमिन मलिक ने बताया कि सीमा हैदर और सचिन मीणा की हाल में मनाई गई शादी की साल गिरह को कोर्ट में चुनौती दी गई है। इस कार्यक्रम में जो लोग शामिल हुए हैं, उनको भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। कोर्ट में शादी के अलावा बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया, धर्म परिवर्तन आदि को अदालत में चुनौती दी है। मोमिन मलिक ने बताया कि सीमा को कोर्ट में यह साबित करना होगा कि उन्होंने धर्म परिवर्तन कब किया। इसके अलावा नाबालिग बच्चों का धर्म भी इस प्रकार नहीं बदला जा सकता है। जिन लोगों को समन जारी किया है। उन्हें सुनवाई की तारीख को कोर्ट में हाजिर होना है। 3 जुलाई 2023 को हरियाणा के बल्लभगढ़ से सीमा हैदर और सचिन मीणा को को गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि बाद में कोर्ट दोनों को जमानत पर छोड़ दिया था। दरअसल, मोमिन ने जेवर पुलिस से इस पूरे मामले की लिखित में शिकायत की थी। लेकिन जेवर पुलिस ने इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। तब वकील ने कोर्ट का रुख किया और कोर्ट में याचिका दायर की। अब इसी मामले में कोर्ट ने 18 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। इससे पहले पाकिस्तानी पति की ओर से वकील मोमिन मलिक ने तीन करोड़ों के नोटिस भेजकर एक महीने के अंदर माफी मांगने को कहा। जुर्माना जमा गुलाम हैदर लिखा हुआ है। इतना ही नहीं जब कोर्ट से जमानत करवाई गई थी तो उसमें भी सीमा हैदर पत्नी गुलाम हैदर लिखा हुआ है। फिर एपी सिंह सीमा हैदर को सचिन की पत्नी किस आधार पर बोल रहे हैं। वकील मोमिन मालिक ने बताया कि सीमा और सचिन ने फर्जी शादी की थी और फर्जी दस्तावेज के जरिए जमानत हासिल की थी। हमने मुकदमा दर्ज करवाने के लिए जो शिकायत कोर्ट में पेश की उसपर ड्यूटी मजिस्ट्रेट सीनियर जज प्रदीप कुशवाहा ने सुनवाई करते हुए थाना जेवर पुलिस से 18 अप्रैल तक जबाब मांगा है और नोटिस जारी किया है।





गुलाम हैदर ने पानीपत के सीनियर एडवोकेट मोमिन मलिक के जरिए सीमा और सचिन को 3 करोड़ का नोटिस भेजा था। इतना ही नहीं वकील डॉ. एपी सिंह को भी 5 करोड़ का नोटिस भेजा गया था। सीमा हैदर के नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने की बात भी कही गई है। वकील मोमिन मलिक का कहना है कि पुलिस ने जब सीमा हैदर को गिरफ्तार किया गया था और जो डॉक्यूमेंट बरामद किए गए थे, सभी में सीमा हैदर पत्नी

## एक और सड़क हदासा छीनी एक जिंदगी, उजड़ गया एक माह का सिंदूर

रायबरेली में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को मारी जोरदार टक्कर। जिससे युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हीरालाल अपनी पत्नी रेखा और साली शीला के साथ शिवगढ़ के सुगंध खेड़ा अपने घर से बना का पुरवा मेला देखने जा रहा था। मृतक युवक का एक माह पहले ही विवाह हुआ था। मामला गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र के भीतर गांव का है जहां हीरालाल उम्र 25 वर्ष निवासी सुगंध खेड़ा थाना शिवगढ़ अपनी पत्नी और साली के साथ मेला देखने जा रहा था, गर्मी ज्यादा होने के कारण वह सड़क किनारे मोटरसाइकिल को खड़ा करके वह हाथ मुंह धोने लगा। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही घटना के बाद सक्रिय खीरी पुलिस ने वाहन को भी बरामद कर लिया है।

## संदिग्ध अवस्था में तीन बच्चो की मां ने लगाई फांसी

रायबरेली। बछरावां ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम सभा कुरी में महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।जानकारी के अनुसार महिला का नाम रिहाना बानो पति का नाम अनीस अहमद महिला की उम्र लगभग 40 वर्ष महिला के तीन बच्चे दो लड़के एक बेटी भी है। सूचना मौके पर थाने की पुलिस और फारेंसिक टीम भी पहुंची। वही पुलिस का कहना है महिला की मौत जांच का विषय है और जांच के बाद पता चल सकेगा कि महिला ने आत्महत्या की कुछ और मामला है।

## मुम्बई के लिए गुरुवार से चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

बांदा। जबलपुर–हरिद्वार के साथ ही एक और सुबेदारगंज से लोकमान्य तिलक तक समर स्पेशल ट्रेन चलेगी। जो मुख्यालय से होकर गुजरेगी। उत्तर मध्य रेलवे झांसी के मुख्य जन संपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 18 अप्रैल गुरुवार को सुबेदारगंज से ट्रेन संख्या 04115 लोकमान्य तिलक के लए दोपहर 11रू15 बजे चलेगी। 12.40 बजे फतेहपुर, 2.10 कानपुर सेंट्रल, 3.50 बजे भरूआ सुमेरपुर, 4.10 बजे रागौल और शाम 5.15 बजे बांदा आएगी। यहां से चित्रकूट के रास्ते सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक होते हुए 4.15 बजे लोकमान्य तिलक पहुंचेगी। यहीं ट्रेन नंबर 04116 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 19 अप्रैल को सुबेदारगंज के लिए शुक्रवार की रात्रि 8.15 बजे से प्रस्थान करेंगी। इन्हीं स्टेशनों से होते हुए अगले दिन शनिवार को शाम 4.05 मिनट पर जबलपुर, कटनी, सतना होते हुए रात्रि 9.35 बजे चित्रकूट व 11.05 मिनट पर बांदा आएगी। 11.42 रागौल, 12.05 भरूआसुमेरपुर, 2.10 बजे कानपुर व फतेहपुर होते हुए रविवार की सुबह 5.10 बजे सुबेदारगंज पहुंचेगी। ट्रेन में 21 बोगी होगी। स्टेशन प्रबंधक कृष्ण कुमार कुशवाहा ने बताया कि यह साप्ताहिक होगी।

## मंडल को मिले 1344 ट्रांसफार्मर, बिजली संकट से मिलेगी निजात

बांदा। चित्रकूटधाम मंडल के लोगों के लिए अच्छी खबर यह है कि ट्रांसफर फुंकने पर अब ज्यादा दिन परेशानी नहीं होगी। बिजली विभाग को सूचना देने पर ट्रांसफार्मर तत्काल बदलवाया जाएगा। इसके लिए शासन ने मंडल के चारों जिलों को 1344 नए ट्रांसफार्मर दिए हैं। शासन से शहर में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 20 घंटे बिजली देने के निर्देश दिए हैं। कहीं पर भी यदि कोई ट्रांसफार्मर फुंकता है तो उसे तत्काल बदलवाएं, लेकिन फाल्ट और ट्रांसफार्मर फुंकने से लोगों को पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाती थी। मौजूदा समय मंडल के चारों जिलों में हर रोज 20 से 25 ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। फुंका ट्रांसफार्मर बदलने में विभाग को पखवारे भर का समय लगता है।चित्रकूटधाम मंडल में बांदा, चित्रकूट, हमीरपुर व महोबा में गर्मी बढ़ने के साथ ओवरलोड हो रहे ट्रांसफार्मर धड़ाम हो रहे हैं। फाल्ट से निजात दिलाने के लिए रिवैंप योजना से करीब ढाई करोड़ रुपये से शहर क्षेत्र में एलटी लाइन बदलने और ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने का कार्य एक वर्ष से चल रहा है। वहीं बिजली विभाग ने मंडल को कटौती मुक्त रखने के लिए अलग–अलग क्षमता के 1344 नए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था की है।


# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाया गया मर्यादा–पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव

रायबरेली।न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला,में आयोजित एक कार्यक्रम में भगवान राम के जन्मोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।इस दौरान प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ भगवान् श्री राम की पूजा–अर्चना की।कार्यक्रम में विद्यालय की छात्रा अपर्णा ने रामनवमी के उपलक्ष में गीत प्रस्तुत किया और पालक त्रिपाठी ने राम नवमी के महत्त्व पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि रामनवमी का पर्व भगवान राम के जन्मोत्सव के रूप में पूरे देश में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम का जन्म हुआ था।जिसकी वजह से हर वर्ष चैत्र माह की नवमी तिथि पर भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि भगवान राम धर्म के प्रतीक थे।भगवान राम के लिए, एक पुत्र, पति, मित्र और नेता के रूप में उनके कर्तव्य सर्वोच्च प्राथमिकता थे।उन्होंने शालीनता, सम्मान और साहस के साथ अपने कर्तव्यों का पालन किया। श्री राम संपूर्ण पृथ्वी पर मानव समाज के लिए एक आदर्श हैं और उनका चरित्र समाज के लिए मानवता का संविधान है, प्रभु श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेते हुए मानव अपने जीवन में यश, ऐश्वर्य, सम्मान और सफलता के नये कीर्तिमान स्थापित कर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के उप–प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला,अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल, एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक / शिक्षिकाएं , विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।




# रायबरेली मण्डल का अण्डर–23 व सीनियर आयु वर्ग का क्रिकेट ट्रायल सम्पन्न

रायबरेली। रायबरेली डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (आर0डी0सी0ए0) द्वारा उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यू0पी0सी0ए0) की ओर से पूरे प्रदेश के जिलों में आयोजित की जा रही अण्डर–23 (पुरुष) व सीनियर आयु वर्ग (पुरुष) के जिला स्तरीय ट्रॉयल के क्रम में आज रायबरेली मण्डल के अन्तर्गत रायबरेली, प्रतापगढ़ व अमेठी जिले का जिला स्तरीय ट्रॉयल एन0एस0 क्रिकेट एकेडमी, रायबरेली के ग्राउण्ड पर सम्पन्न हुआ। यू0पी0सी0ए0 के चयनकर्ता व पूर्व रणजी खिलाड़ी अलीगढ़ से असलम अली ने रायबरेली जिले भर से आये हुए रायबरेली जिले के अण्डर–23 व सीनियर आयु वर्ग (पुरुष) के 110 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया। इसी तरह जनपद प्रतापगढ़ से 95 खिलाड़ी व अमेठी जनपद से 75 पंजीकृत खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया गया। चयनकर्ता ने आज कड़ी धूप में कड़ी मेहनत व परिश्रम करने के बाद जनपद रायबरेली, जनपद प्रतापगढ़ व जनपद अमेठी के अण्डर–23 व सीनियर आयु वर्ग के



प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अलग–अलग चयनित करते हुए तथा उत्तर प्रदेश के सत्र 2024–25 हेतु बनने वाली अण्डर–23 व सीनियर आयु वर्ग की टीम के लिए तीनों जनपदों के जिला स्तर के ट्रॉयल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा को गहराई से परखते हुए चयन किया। यू0पी0सी0ए0 के मीडिया मैनेजर व आर0डी0सी0ए0 के डायरेक्टर श्री मोहम्मद फहीम ने बताया कि अण्डर–23 व सीनियर आयु वर्ग (पुरुष) के ट्रॉयल आज एन0एस0 क्रिकेट अकेडमी के ग्राउण्ड पर सम्पन्न कराये गये। अण्डर–23 तथा सीनियर आयु वर्ग (पुरुष) के कुल 280 खिलाड़ियों ने कड़ी धूप में अपनी क्रिकेट की प्रतिभा का प्रदर्षन किया। यू0पी0सी0ए0 द्वारा नामित चयनकर्ताओं ने सभी 280 खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया और ट्रॉयल के पश्चात खिलाड़ियों की खेल प्रतिभा के आधार पर तीनों जनपदों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित करके चयनित खिलाड़ियों की सूची अलग–अलग अपने पास सुरक्षित रख ली है। ट्रॉयल को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में ट्रॉयल कोआर्डीनेटर आषीष त्रिपाठी, नदीम सिद्दीकी, मो0 सलीम, सिविल रावत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

भव्य प्रभात

# संकल्प के सवाल

कांग्रेस द्वारा चुनावी घोषणा पत्र जारी करने के बाद अब सत्तारूढ़ भाजपा ने भी अपना संकल्प पत्र जारी किया है। पार्टी ने वंचित समाज को केंद्र में रखकर डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को अपने संकल्प पत्र को जारी करने के दिन के रूप में चुना। संदेश देने का प्रयास किया कि उसे देश के वंचित समाज के अहसासों की फिक्र है। दो कार्यकालों की रीति–नीतियों के अनुरूप अंदाजा लगाना कठिन न था कि भाजपा के घोषणापत्र का खाका क्या होगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पार्टी प्रधानमंत्री की छवि और पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर चुनावी मैदान में है। इस घोषणापत्र में नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प की बानगी नजर आती है। ऐसे वक्त में जब पिछले कार्यकालों में भाजपा अपने दो मुख्य मुद्दों अनुच्छेद 370 हटाने व राममंदिर बनाने के वायदे को पूरा कर चुकी है तो जाहिर है नागरिक संहिता का मुद्दा उसकी प्राथमिकता में होना ही था। जो, इस घोषणा पत्र में विशेष रूप से उल्लेखित है। इसके अलावा भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में एक देश एक चुनाव, गरीबों को पांच साल तक मुफ्त राशन, सत्तर साल से अधिक उम्र के लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा, तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाना, पेपर लीक रोकने के लिए कड़ा कानून लाना, तीन करोड़ गरीबों को घर उपलब्ध कराना, बीस लाख तक का मुद्रा लोन उपलब्ध कराना, किसान निधि को जारी रखना आदि के वायदे किए हैं। यहां ध्यान रखने वाली बात यह है कि भाजपा ने 2019 के घोषणापत्र में भी यूसीसी, साठ साल से अधिक के दुकानदारों व किसानों को पेंशन, एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसे वायदे किये थे। हालांकि, ऐसी तमाम योजनाओं को लेकर 'मोदी की गारंटी' का दावा पार्टी की तरफ से किया जाता रहा है। ये आने वाला वक्त बताएगा कि पार्टी किस हद तक अपने वायदों को हकीकत में बदल पाने में सक्षम होती है। जो उसे मिले जनादेश के आकार पर भी निर्भर करेगा। बहरहाल, अब किसी दल का संकल्प पत्र हो या न्याय पत्र, इसमें किये गये वायदों की तार्किकता पर विचार किया जाना जरूरी है। हाल के वर्षों में राजनीतिक दलों ने वायदों के रूप में जितने जुमले उछाले हैं, उनसे जनता का लगातार मोहभंग होता रहा है। इसमें दो राय नहीं कि हमारे संसाधन सीमित हैं। ऐसे में देश की अर्थव्यवस्था की सीमाओं के मद्देनजर ही राजनीतिक दलों को अपने वायदों को घोषणापत्र के रूप में सामने रखना चाहिए। देश की तरक्की मुफ्त की रेवड़ियां बांटने से नहीं हो सकती। हमारी नीतियां देश में उत्पादकता बढ़ाने वाली होनी चाहिए। हम कमजोर वर्गों का ध्यान रखें और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने को प्राथमिकता बनायें। सभी राजनीतिक दलों को देश की मुख्य समस्याओं बेरोजगारी, अशिक्षा, महंगाई दूर करने तथा स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर बनाने पर जोर देना चाहिए। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि बड़े सामाजिक वर्ग के लिये लायी जाने वाली बीमा योजना से लक्षित समाज के बजाय बीमा कंपनियां मालामाल होती रही हैं। चिकित्सा के क्षेत्र में निजी चिकित्सालयों के लिये ये बीमा योजनाएं कामधेनु बन रही हैं। सभी राजनीतिक दलों को देश के प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों से लेकर प्राथमिक स्कूलों तक को सशक्त करने का प्रयास करना चाहिए। भारत विविधता की संस्कृति का देश है। सामाजिक समरसता के लिये जरूरी है कि जाति, धर्म व क्षेत्र से परे विकास के लक्ष्य तैयार किये जाएं। राजनीतिक दलों को इस युवाओं के देश के लिये ऐसी क्रांतिकारी योजनाएं लाने की जरूरत है जो हर हाथ को काम दे सके। आखिर क्यों हमारी युवा पीढ़ी में विदेश भागने की होड़ लगी है। हम उन्हें देश में अनुकूल शिक्षा व बेहतर रोजगार की स्थितियां उपलब्ध कराएं ताकि उन्हें एजेंटों के माध्यम से लुटने–पिटने को मजबूर न होना पड़े। पर्यावरण का संकट हमारे देश के सामने लगातार चुनौती पैदा कर रहा है। जहरीली हवाएं जानलेवा साबित हो रही हैं। बेहतर हो कि राजनीतिक दल आम आदमी से जुड़े मुद्दों को अपने न्याय व संकल्प पत्रों में केंद्र में रखें।

# सुप्रीम कोर्ट की रामदेव को फटकार

**राम पुनियानी**

पिछले कुछ दशकों में भारत में कई बाबाओं का उदय हुआ है। इसके पहले भी बाबा हुआ करते थे मगर इन दिनों बाबाओं का जितना राजनैतिक और सामाजिक दबदबा है, उतना पहले शायद कभी नहीं रहा कई बाबा अनेक तरह के काले कामों में लिप्त भी पाए गए हैं मगर उनकी दैवीय छवि के चलते उनके अपराधों को नजरअंदाज किया जाता रहा है। शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती पर उनके आश्रम के एक कर्मी शंकर रमण की हत्या का आरोप था। सत्य सांई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या हुई थी. गुरमीत राम रहीम के कुकर्मों को उजागर करने के लिए पत्रकार छत्रपति रामचंद्र को अपनी जान गंवानी पड़ी। अंततः राम रहीम कानून के पंजे में फंस गया और इन दिनों जेल में है. यह अलग बात है कि वो अधिकांश समय पैरोल पर बाहर रहता है। आसाराम बापू लम्बे समय तक कानून की पकड़ से दूर रहे मगर अब वह सीखचों के पीछे है। इस समय बागेश्वर धाम नामक एक बाबा काफी लोकप्रिय हैं। ये कुछ उदाहरण मात्र हैं। देश में असंख्य बाबा हैं जो अपने–अपने अंधभक्तों की भीड़ से घिरे रहते हैं। उनकी रईसी देखते ही बनती है। दो अन्य बाबाओं का जिक्र जरूरी है। एक हैं –श्री श्री रविशंकर, जिन्होंने अपने उत्सव के लिए यमुना को बर्बाद कर दिया था। वे अन्ना हजारे के आरएसएस–समर्थित आन्दोलन से भी जुड़े हुए थे। फिर बाबा रामदेव हैं। रामदेव ने अपने कॅरियर की शुरुआत योग गुरु के रूप में की थी। लेकिन बाद में उन्होंने पतंजलि ब्रांड नेम से व्यापार शुरू कर दिया। आयुर्वेदिक उत्पादों को बनाने और बेचने वाली इस कंपनी ने बाबा रामदेव को अरबपतियों की श्रेणी में ला खड़ा किया। बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने एक बड़ा साम्राज्य स्थापित कर लिया है और उन्हें चुनौती देने वाला कोई नहीं है या कम से कम अब तक तो नहीं था। उनके आयुर्वेदिक उत्पादों का जबरदस्त प्रचार–प्रसार हुआ और मीडिया का एक बड़ा तबका उनका गुणगान करने लगा। बाबा और आचार्य की शैक्षणिक योग्यता के बारे में हम बहुत नहीं जानते। इस समय देश में कई आयुर्वेदिक कॉलेज हैं मगर इन दोनों के पास शायद आयुर्वेद की कोई डिग्री नहीं हैं। पड़ताल से बचने के लिए रामदेव ने देशभक्ति का लबादा ओढ़ लिया और यह कहते रहे कि वे बहुराष्ट्रीय कंपनियों से मुकाबला कर रहे हैं। असली खेल शुरू हुआ कोविड–19 महामारी के दौरान। एक ओर सरकार ने पुणे स्थित भारत बायोटेक को कोवैक्सीन का विकास और उत्पादन करने हेतु भारी आर्थिक मदद उपलब्ध करवाई वहीं बाबा रामदेव ने यह दावा किया कि उनकी कंपनी ने कोविड–19 के इलाज और उससे बचाव के लिए एक दवाई विकसित की है जिसका नाम है कोरोनिल। हमें यह भी बताया गया कि कोरोनिल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) का अनुमोदन प्राप्त है। जब आयुष मंत्रालय ने इस दावे को चुनौती दी तो पंतजलि की ओर से यह कहा गया कि कोरोनिल श्डब्लूएचओ के मार्गनिर्देशों के अनुरूप हैश। आयुष मंत्रालय ने कोरोनिल के बारे में दावों को सत्यापित करने से इंकार कर दिया। इसके बाद भी कोरोनिल के कांबो पैक को बड़ी धूमधाम से दो केबिनेट मंत्रियों– डॉ. हर्षवर्धन और नितिन गडकरी, की उपस्थिति में जारी किया गया। हर्षवर्धन स्वयं एलोपैथिक डाक्टर हैं। इस कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति से यह जाहिर है कि वे भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों के कितने अंधभक्त हैं। बाबा ने दावा किया कि कोरोनिल का परीक्षण मामूली से लेकर मध्यम श्रेणी के कोविड संक्रमण से पीड़ित लोगों पर किया गया और कोरोनिल का सेवन करने के कुछ ही दिनों के भीतर उनका कोविड टेस्ट निगेटिव हो गया। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में किसी भी नई दवा को सामान्य उपयोग के लिए जारी करने के पहले उसका जैव रासायनिक विश्लेषण किया जाता है, पशुओं पर उसका परीक्षण किया जाता है और फिर समुचित आकार के नमूनों पर उसकी श्डबल ब्लाइंड ट्रायल की जाती है। कोरोनिल के मामले में इनमें से कुछ भी नहीं किया गया। अपनी व्यवसायिक सफलता से गदगद बाबा रामदेव ने गोदी मीडिया की प्रशंसा को कबूल किया। इससे एक कदम आगे बढ़कर उन्होंने एलोपैथी को एक बेवकूफाना विज्ञान बताना शुरू कर दिया। इससे व्यथित होकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने रामदेव के खिलाफ प्रकरण दायर किया जिसकी सुनवाई हाल में हुई। रामदेव ने अदालत में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का अपमान करन के लिए आईएमए से क्षमायाचना की। यहां पाठकों को यह याद दिलाना श्रेयस्कर होगा कि बाबा रामदेव ने जब भ्रष्टाचार के खिलाफ भूख हड़ताल की थी तब उन्होंने यह दावा किया था कि योग के कारण उनका शरीर इतना मजबूत हो गया है कि वे लंबे समय तक बिना भोजन के रह सकते हैं। मगर उपवास प्रारंभ करने के कुछ ही दिनों के बाद उनकी हालत इतनी पतली हो गई कि उन्हें एक एलोपैथिक अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। इसी तरह करीब एक वर्ष पहले जब आचार्य बालकृष्ण बीमार पड़े तो वे एक एलोपैथिक अस्पताल के आईसीयू में भर्ती हो गए। उच्चतम न्यायालय की चेतावनियों के बाद भी बाबा की कंपनी भ्रामक विज्ञापन जारी करती रही। अदालत ने उन्हें बुलाया और बाबा ने गिड़गिड़ाते हुए माफी मांगी। मगर अदालत ने उनकी माफी मंजूर नहीं की। अदालत में चल रहे प्रकरण का नतीजा चाहे जो हो सवाल यह है कि देसी चिकित्सा पद्धतियों और आस्था पर आधारित ज्ञान के आधार पर कोई भला किस तरह आधुनिक चिकित्सा पद्धति का मखौल बना सकता है? यह मानने से किसी को इंकार नहीं है कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में ही नहीं बल्कि दादी मां के नुस्खों में भी कुछ ज्ञान हो सकता है। मगर आधुनिक चिकित्सा पद्धति साक्ष्य और साथी चिकित्सकों व वैज्ञानिकों की समीक्षा पर आधारित होती है। हर दावे को हर तरह की समीक्षा और समालोचना का सामना करना पड़ता है।

और इसके नतीजे में ही ऐसी चीजें विकसित होती हैं जो मानवता के लिए उपयोगी साबित होती हैं। इसके विपरीत आस्था पर आधारित ज्ञान और उससे जुड़ी चिकित्सा प्रणालियों पर प्रश्न नहीं उठाए जा सकते। हर बाबा अपनी तरह से रोगों का इलाज करता है। चिकित्सा प्रणालियों के प्रोटोकाल में लगातार सुधार इसलिए होता रहता है क्योंकि उसकी समीक्षा करने का अधिकार सभी को होता है। इसके विपरीत रामदेव जैसे लोग अपने दैवीय दर्जे का लाभ उठाते हुए मनमाने दावे करते हैं और उन्हें न तो कोई चुनौती देता है और न कोई उनकी आलोचना करता है। बाबा ने यह दावा भी किया था कि वे कैंसर और एड्स का इलाज भी कर सकते हैं। वे तो समलैंगिकता को भी एक रोग मानते हैं और उनका दावा है कि वे इलाज से उसे ठीक कर सकते हैं। अब तक उन्हें सत्ता का संरक्षण प्राप्त था और इसी के चलते वे इतने अहंकारी हो गए थे कि वे एलोपैथी का मजाक बनाते थे और अपनी प्रणाली को सर्वश्रेष्ठ बताते थे। बाबा लोग इतने मजे में क्यों हैं? इसका कारण यह है कि पिछले कुछ सालों में भारत में धर्म के नाम पर राजनीति का बोलबाला बढ़ा है। इसके साथ ही प्राचीन ज्ञान का भी महिमामंडन किया जा रहा है। वैज्ञानिकता और तार्किकता में विश्वास करने वाले लोग चाहते हैं कि प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर कसा जाए। यही बात डॉक्टर दाभोलकर, गोविंद पंसारे, एमएम कलबुर्गी और गौरी लंकेश कहते थे। और उन्हें इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। आज हमारे देश में तार्किक सोच और पद्धतियों को परे हटाकर केवल आस्था पर आधारित ज्ञान का ढोल पीटा जा रहा है। यहां तक कि शैक्षणिक संस्थाओं में भी आस्था आधारित ज्ञान विद्यार्थियों को पढ़ाया जा रहा है।बाबा रामदेव श्रद्धा और अंधश्रद्धा के कांबो से पीड़ित रोगी समाज के लक्षण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने चिकित्सा की दुनिया में बाबाओं की मनमानी को रोकने का जो प्रयास किया है वह सराहनीय है।

## इधर नामांकन, उधर मथुरा -बरेली राजमार्ग पर जाम ही जाम

हाथरस। जैसे ही सपा प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि व निर्दलीय प्रत्याशी जयपाल माहौर अपने काफिले के साथ पहुंचे तो बैरियर पर पुलिस बल ने वाहनों को रोक लिया। इस कारण मथुरा–बरेली राजमार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल होने के दौरान 15 अप्रैल की दोपहर को करीब 45 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम के चलते रोडवेज बस में सवार यात्रियों के साथ अन्य वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद जाम को खुलवाया। नामांकन करने आने वाले प्रत्याशियों के साथ आने वाले वाहनों की रोकथाम के लिए मथुरा रोड स्थित कलेक्ट्रेट से 200 मीटर पूर्व ही बैरियर लगाया गया है। 15 अप्रैल को जैसे ही सपा प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि व निर्दलीय प्रत्याशी जयपाल माहौर अपने काफिले के साथ पहुंचे तो बैरियर पर पुलिस बल ने वाहनों को रोक लिया। इस कारण मथुरा–बरेली राजमार्ग पर जाम की स्थिति बन गई। दोनों ही प्रत्याशियों का काफिले करीब 15–20 मिनट के अंतराल पर पहुंचा। ऐसे में सपा प्रत्याशी के काफिले से लगा जाम खुलवाने के बाद जैसे ही निर्दलीय प्रत्याशी का काफिला पहुंचा, वैसे ही फिर जाम की स्थिति पैदा हो गई। जाम के चलते रोडवेज बस, लोडर वाहन व अन्य वाहन चालकों को परेशानी से जूझना पड़ा। पुलिस ने काफिलों के साथ आए वाहनों को पार्किंग में खड़ा कराकर जाम को खुलवाया।

## चेकिंग में 4.11 लाख रुपये बरामद

सिकंदराराऊ (हाथरस)। कासगंज मार्ग स्थित अगसौली पुलिस चौकी के निकट सोमवार की शाम को चेकिंग के दौरान जांच दल ने एक गाड़ी से 4.11 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। आगरा निवासी साइकिल व्यापारी संजीव जैन सोमवार शाम करीब छह बजे अपनी गाड़ी से आ रहे थे। अगसौली सीमा पर तैनात मजिस्ट्रेट पंकज चौधरी एवं उपनिरीक्षक तसुव्वर अली ने जांच की तो उनकी गाड़ी में रखे बैग से चार लाख 11 हजार रुपये बरामद हुए। संजीव जैन ने बताया कि वह गंजडुंडवारा से कारोबार का भुगतान लेकर आ रहे थे। उनके पास पांच अप्रैल का एक बिल भी था, जिसकी धनराशि चार लाख 80 हजार रुपये थी। पुलिस का कहना है कि संदेह के आधार पर यह नकदी पकड़ी गई है। मामले की जांच की जाएगी। फिलहाल पैसा सिकंदराराऊ कोतवाली में जमा कर दिया गया है। प्रकरण को लेकर सीओ डॉ. आनंद वर्मा ने बताया कि बरामद नकदी की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। संवाद

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से युवक की मौत, जबरन ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ाने का आरोप

हाथरस। दीपक ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ गया। करंट की चपेट में आने से दीपक नीचे गिर गया। चीख–पुकार सुनकर परिजन वहां पहुंच गए। उपचार के लिए बागला संयुक्त जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव नगला हीरा सिंह में 15 अप्रैल सुबह हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से एक युवक की हालत बिगड़ गई। परिजन उसे बागला संयुक्त जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक (22) पुत्र रामपाल सिंह 15 अप्रैल की सुबह अपने घर के बाहर बैठा हुआ था। आरोप है कि गांव के पिता–पुत्र उसके घर पहुंचे। दीपक से कहा ट्रांसफॉर्मर से लाइट सही करने को कहा। दीपक ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ गया। करंट की चपेट में आने से दीपक नीचे गिर गया। चीख–पुकार सुनकर परिजन वहां पहुंच गए। उपचार के लिए बागला संयुक्त जिला अस्पताल की इमरजेंसी में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। दीपक के पिता रामपाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बेटे को जबरन ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ाने का आरोप लगाया है।

## श्री श्याम बाबा की शोभायात्रा में जगह–जगह हुआ भव्य स्वागत

शाहजहांपुर। नगर में श्री श्याम बाबा के शीश की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह नगरवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। श्री बालाजी मंदिर मोहल्ला कायस्थान से बड़ी धूमधाम के साथ शुरू की गई श्री श्याम बाबा की शोभायात्रा मेन बाजार से नगर के कई मोहल्लों से होते हुए बाबा गरीब दास की मढ़ी से होते हुए बरेली रोड नहर से होते हुए वापस बालाजी मंदिर में पहुंचकर श्री श्याम बाबा के शीश को स्थापित किया गया। हवन पूजन करने के बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया और रात्रि भर बाबा का कीर्तन शाहजहांपुर की मशहूर जागरण पार्टी द्वारा किया गया। श्री श्याम शोभायात्रा में प्रमुख रूप से विजय वर्मा, सुनील वर्मा, दीपक वर्मा सभासद, आशांक गुप्ता, सुनील गुप्ता, रचित गुप्ता, रिशु गुप्ता (बाबा), अनुराग गुप्ता, रवि गुप्ता, भारत गुप्ता, लखन गुप्ता, संजीव शर्मा, सुमन शर्मा, वैभव गुप्ता, लालू राठौर, बंटी शर्मा, गोपाल अग्रवाल, समीर गुप्ता, अंकुर जायसवाल, विशाल जायसवाल सहित तमाम श्री श्याम भक्त उपाथित रहे।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेंट पॉल इण्टर कालेज में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया निरीक्षण

शाहजहांपुर। सोमवार को सेंट पॉल इण्टर कालेज में मतदान कार्मिकों प्रशिक्षण प्रारम्भ हुआ। कुल 2432 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, जिसमें से 60 कर्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित सभी कार्मिकों के विरूद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने एफआईआर दर्ज करवाने के सख्त निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सेंट पॉल इण्टर कालेज में चल रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने प्रशिक्षण स्थल पर मूलभूत सुविधाओं को चेक किया तथा प्रशिक्षण दे रहे मास्टर ट्रेनरो से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होने मतदान कार्मिकों को पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान यदि कोई बात समझ न आये तो उसे पुनः अवश्य पूछे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया नामांकन स्थल का निरीक्षण

शाहजहांपुर। जनपद में निर्वाचन चतुर्थ चरण में नामांकन 18 से 25 अप्रैल तक होगें। निर्वाचन की अधिसूचना की दिनांक 18 अप्रैल 2024 को जारी होगी। नाम निर्देशन का अंतिम दिनांक 25 अप्रैल, नाम निर्देशन पत्रों की जांच का दिनांक 26 अप्रैल, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 29 अप्रैल तथा मतदान 13 मई को व मतगणना 04 जून को होगी। जिस हेतु प्रशासन द्वारा निरंतर तैयारिया की जा रही है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024, 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु चिह्नित किए गए नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर व बाहर की गई बैरिकेडिंग तथा सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहनतापूर्ण निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीईओ ने बताया कि उम्मीदवार चार प्रस्तावक के साथ कुल पांच व्यक्ति ही एक साथ नामांकन कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। उम्मीदवारों के नामांकन के लिए तीन वाहन ही अनुमन्य है जो नामांकन कक्ष के 100 मीटर की परिधि के बाहर रहेंगे। जनपद में धारा 144 लागू है जिसका सभी को पूर्णतया पालन करना है। उम्मीदवारों के लिए कलेक्ट्रेट के कार्यालयध न्यायालय जिलाधिकारीधजिला मजिस्ट्रेट शाहजहांपुर गेट–2 से प्रवेश द्वार रहेगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन का नामांकन जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय में कक्ष संख्या 10 तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र, कक्ष संख्या 11 में 18–25 अप्रैल तक होगें। उन्होंने बताया कि 06 जून 2024 से पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण कर लिया जाएगा। डीईओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय, नगर आयुक्त डॉ0 विपिन कुमार, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# जिलाधिकारी ने मतदान पार्टियों की रवानगी की तैयारियों के संबध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई

शाहजहाँपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी,जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा 136 ददरौल विधानसभा क्षेत्र उप निर्वाचन से संबंधित मतदान पार्टियों की रवानगी की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को मानचित्र के माध्यम से लेआउट प्लान के विषय में जानकारी दी गयी। इस दौरान रामलील मैदान में विधानसभावार गाड़ियों की पार्किंग व्यवस्था का प्रबन्ध, प्रवेश तथा निकास एवं पोलिंग पार्टीयों की रवानगी हेतु सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में चर्चा करते हुये आवश्यक निर्देश संबधित अधिकारियों को दिये गये।ओसीएफ रामलीला ग्राउंड से 12 मई को जनपद में 2481 बूथो पर मतदान करने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने 11 मई को ही रामलीला मैदान में वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़े करने हेतु निर्देश दिये। उन्होने चिकित्सा विभाग को निर्देश दिए कि चिकित्सा टीमे एम्बुलेंस एवं आवश्यक दवाओं की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। एआरटीओ को निर्देश दिए कि विधानसभा वार वाहनों को चिन्हित करते हुये स्लीप चस्पा कर वाहनों को पार्क करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडरों को 12 मई ओसीएफ ग्राउंड तथा 13 मई को रोजा मंडी के टावरों की फ्रीक्वेंसी बढ़ाने हेतु निर्देशित किया, जिससे कि दूरभाष में संपर्क करने में समस्या ना हो। उन्होने निर्देश दिये कि ग्राउंड की साफ–सफाई, लेवलिंग, बैरीकेडिंग, छाया, पेयजल आदि व्यवस्थाएं समय से चाक–चौबंद कर ली जाए।इस दौरान पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय, नगर मजिस्ट्रेट प्रवेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# हाथरस से सपा उम्मीदवार सहित तीन के नामांकन दाखिल, 19 अप्रैल तक होंगे पर्चे जमा

हाथरस। 15 अप्रैल को देवबंद जिला सहारनपुर के रहने वाले सपा उम्मीदवार जसवीर वाल्मीकि, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से बरौला बाईपास रोड अलीगढ़ निवासी घनश्याम सिंह व गांव रघनियां निवासी जयपाल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। हाथरस के कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन प्रकिया को लेकर 15 अप्रैल को सपा उम्मीदवार सहित तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। 15 अप्रैल को देवबंद जिला सहारनपुर के रहने वाले सपा उम्मीदवार जसवीर वाल्मीकि, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी से बरौला बाईपास रोड अलीगढ़ निवासी घनश्याम सिंह व गांव रघनियां निवासी जयपाल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उम्मीदवारों और प्रस्तावकों को ही कलेक्ट्रेट परिसर से नामांकन कक्ष तक प्रवेश की अनुमति मिली। बाकी लोगों को बाहर ही रोक दिया गया। सपा प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि के साथ नामांकन कराने के लिए पूर्व विधायक सपा देवेंद्र अग्रवाल, पूर्व विधायक छर्रा राकेश सिंह, पूर्व सपा जिलाध्यक्ष ओमवती यादव, सपा जिलाध्यक्ष देवेंद्र कुशवाह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त विक्रमादित्य, सपा जिलाध्यक्ष अलीगढ़ लक्ष्मी धनगर, आप जिलाध्यक्ष अजय सागर, पूर्व विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक अनिल चौधरी, भोला यादव, युवराज सिंह यादव, रामनारायण काके, चौधरी भाजुद्दीन आदि पहुंचे। इसी तरह निर्दलीय प्रत्याशी जयपाल के साथ नामांकन कराने के लिए सवर्ण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज धवरैया पहुंचे। नामांकन के लिए पुलिस फोर्स रहा तैनात नामांकन के लिए 15 अप्रैल को कलेक्ट्रेट परिसर पुलिस छावनी में तब्दील रहा। दोनों प्रवेश द्वारों पर सुबह से पुलिस फोर्स तैनात रहीं। उम्मीदवारों व उनके प्रस्तावकों को विकास भवन के सामने वाले गेट से नामांकन कक्ष तक प्रवेश दिया गया। नामांकन कक्ष में मोबाइल फोन नहीं ले जाने दिया गया। मुख्य द्वार से कलेक्ट्रेट स्टाफ व अन्य कर्मचारियों को प्रवेश मिला, इन कर्मियों का पहचान पत्र देखा गया। इसी द्वार से अधिवक्ताओं को आईडी कार्ड देख कर प्रवेश दिया गया। चुनाव आयोग के निर्देश पर जिले में तीसरे चरण में सात मई को होने वाले मतदान के लिए कलेक्ट्रेट में नामांकन जारी है। 19 अप्रैल तक जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में नामांकन दाखिल किए जाएंगे। पुलिस ने कलेक्ट्रेट में प्रवेश लेने वाले सभी व्यक्तियों की जांच की।

## गांव कथरिया के मंदिर में मूर्ति क्षतिग्रस्त, तनावपूर्ण शांति, चार पर मुकदमा, एक हिरासत में

हाथरस। रात करीब ग्यारह बजे श्रीराधाकृष्ण मंदिर में कुछ लोग अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर आए थे। उक्त लोगों ने मंदिर पर धावा बोल दिया। भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति, भगवान गणेश की मूर्ति, हनुमानजी की मूर्ति व दुर्गा माता की मूर्ति को खंडित कर दिया गया। गांव कथरिया में चार युवकों ने मंदिर में विराजमान देवी देवताओं की मूर्तियों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद से ग्रामीणों में आक्रोश है। मुरसान कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार मौके पर पहुंचे। इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जबकि एक आरोपी को पुलिस ने हिरासत में लिया है। गांव में पुलिस की तैनाती कर दी गई है। बाकी आरोपियों की तलाश जारी है। गांव कथरिया निवासी मलखान पचौरी ने मुरसान कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 14 अप्रैल रात करीब ग्यारह बजे गांव के किनारे बने श्रीराधाकृष्ण मंदिर में करन, भोला, अमर सिंह निवासी गांव कथरिया व वीरेंद्र निवासी ककरावली अपने हाथों में लाठी डंडे लेकर आए थे। उक्त लोगों ने मंदिर पर धावा बोल दिया। भोला ने भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति, करन ने भगवान गणेश की मूर्ति, अमर सिंह ने हनुमानजी की मूर्ति व वीरेंद्र ने दुर्गा माता की मूर्ति को खंडित कर दिया।

ग्रामीणों का कहना है कि यह घटना कई व्यक्तियों ने देखी है। आरोपी चारों युवक जाते वक्त धमकी देकर गए हैं कि गांव के व्यक्तियों के द्वारा किसी प्रकार की पुलिस कार्रवाई की गई तो वह डॉ.भीमराव आंबेडकर की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर उन पर मुकदमा दर्ज करा देंगे।